धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 13.48 करोड़ रुपए स्वीकृत

चर्चा में क्यों?

19 जून, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के नागौर, जैसलमेर तथा अलवर के धार्मिक स्थलों पर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 13.48 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा ऐसे स्थानों पर यात्रियों के लिये विभिन्न सुविधाएँ विकसित करने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में नागौर ज़िले में बुटाटी, घाटवेश्वर महादेव मंदिर, हरमल दास जी महाराज मंदिर तथा दरगाह हजरत सम्मन बड़ी खाटू में कुल 7.74 करोड़ रुपए के विभिन्न पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने जैसलमेर स्थित ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल श्री काले डूंगर राय मंदिर परिसर में विकास कार्यों के लिये 1.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।
- इस राशि से मंदिर प्रांगण में मार्बल टाइल्स, सोलर पावर प्लांट, नवीन धर्मशाला निर्माण, मंदिर परिसर में लगी बेंचों की मरम्मत, मंदिर तक जाने के लिये सीसी रोड, जैसलमेर-जेठवाई-काले डूंगर सड़क के उन्नयन सहित विभिन्न विकास कार्य होंगे।
- मुख्यमंत्री ने अलवर ज़िले के बानसूर किला स्थित माताजी मंदिर तथा गंगा माता मंदिर, तालवृक्ष में विकास कार्य करवाने के लिये 4.24 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।
- स्वीकृत राशि से बानसूर किला स्थित माताजी मंदिर में सीढ़ियों की मरम्मत, किले में नए पाथ-वे का निर्माण, स्टील रेलिंग, नवीन हॉल, पत्थर की बेंचों का निर्माण, सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना तथा मंदिर प्रांगण में विभिन्न उन्नयन कार्य कराए जाएंगे।
- साथ ही, गंगा माता मंदिर, तालवृक्ष में नवीन धर्मशाला निर्माण, सोलर लाइट, मंदिर परिसर में पार्किंग, चारदीवारी निर्माण सहित विभिन्न कार्य किये जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rs-13-48-crore-approved-for-promotion-of-religious-tourism